# जिले से हाईस्कूल में 15 एवं हायर सेकण्डरी में 1 टॉपर को मिली प्रदेश मैरिट में जगह

## हाईस्कूल में अभय गुप्ता को दूसरा एवं कु.अनन्या वर्मा को मिला तीसरा स्थान, 10वीं का 81.61 प्रतिशत एवं 12वीं का 90 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 अप्रैल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए गए। सीधी जिले का 10वीं का परीक्षा परिणाम 81.61 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्ड्री का 90 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में 1 प्रतिशत वृद्धि हुई है। सीधी जिला प्रदेश में चौदहवां स्थान एवं संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। गत वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 12वीं में सीधी जिला प्रवेश में 5वां स्थान एवं संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। हाईस्कूल परीक्षा के घोषित नतीजे में सीधी जिले के 15 टापरों को प्रदेश मैरिट में जगह मिली है। वहीं हायर सेकेण्ड्री प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के एक छात्र को जगह मिली।**

हाईस्कूल कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रदेश मैरिट में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के छात्र अभय गुप्ता पिता कैलाश गुप्ता को दूसरा स्थान मिला। वहीं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी की छात्रा कु.अनन्या वर्मा पिता निरंजनलाल वर्मा को तीसरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के छात्र आयुष द्विवेदी पिता पवन कुमार द्विवेदी को पांचवा स्थान मिला। हाईस्कूल परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के छात्रों का दबदबा रहा। इस विद्यालय के 5 छात्रों ने प्रदेश मैरिट में जगह पाकर समूचे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के आयुष द्विवेदी को पांचवा, छात्र मनीष गुप्ता पिता विकास गुप्ता को आठवां स्थान, कु.अपेक्षा मिश्रा पिता अभय कुमार मिश्रा, रितिक रोशन गुप्ता पिता प्रहलाल गुप्ता, अभ्युदय नवैत पिता राजमन नवैत को 10वां स्थान मिला है। हाईस्कूल प्रदेश मैरिट में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के 3 छात्रों को जगह मिली है। अभय गुप्ता को दूसरा स्थान, प्रिंस पटेल को छठवां स्थान एवं चैतन्य सिंह चौहान को दशवां स्थान मिला है।

उधर हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं परीक्षा की प्रदेश मैरिट सूची में सीधी जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी के छात्र लवकुश तिवारी पिता संतोष तिवारी को गणित समूह से 10वां स्थान मिला है। इनके अलावा हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा की प्रदेश मैरिट में किसी अन्य छात्र को किसी भी विषय समूह से जगह नहीं मिली है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री की जिला मैरिट में मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाते हुए अपने विद्यालयों को गौरवान्वित किया। जिला मैरिट में शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के तीन विद्यार्थियों को जगह मिली है। इस बार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के पांच छात्रों को जगह मिलने से उसका दबदबा कायम हुआ है।

विद्यालय स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में भी खुशी की लहर है। मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणामों की घोषणा होने के साथ ही बधाई देने



### हायर सेकण्डरी में जिले के छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा एवं समूह | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| लवकुश तिवारी (गणित समूह) | शा.उमावि टिकरी | दसवां |

### हाईस्कूल की प्रदेश मैरिट में जिले के छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| अभय गुप्ता | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | दूसरा |
| कु.अनन्या वर्मा | सरस्वती उमावि सीधी | तीसरा |
| आयुष द्विवेदी | शा.उमावि पथरौला | पांचवा |
| प्रिंस पटेल | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | छठवां |
| सत्यम गुप्ता | डीबीएस पब्लिक हाईस्कूल पड़रा | सातवां |
| मनीष गुप्ता | शा.उमावि पथरौला | आठवां |
| कु.ओमिका शुक्ला | शिवम पब्लिक स्कूल बड़खरा | आठवां |
| अभिषेक सिंह चौहान | होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल सीधी | नौवां |
| कु.अनन्या विश्वकर्मा | सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी | नौवां |
| ज्ञान प्रकाश पटेल | गांधी हाईस्कूल सीधी | नौवां |
| चैतन्य सिंह चौहान | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | दसवां |
| कु.अपेक्षा मिश्रा | शा.उमावि पथरौला | दसवां |
| रितिक रोशन गुप्ता | शा.उमावि पथरौला | दसवां |
| अभ्युदय नवैत | शा.उमावि पथरौला | दसवां |
| सागर गुप्ता | सांदीपनि बालक उमावि मझौली | दसवां |

### हायर सेकण्डरी की जिला मैरिट में छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | विषय समूह | मैरिट |
|---|---|---|---|
| कु.अंजली मिश्रा | सांदीपनि माडल स्कूल रामपुर | कला | प्रथम |
| नीरज श्रीवास | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कला | द्वितीय |
| शिवांग सिंह | एकलव्य हा.से.पड़ैनिया | गणित | प्रथम |
| कु.प्राची पटेल | रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट | जीव विज्ञान | द्वितीय |
| प्रांशू गुप्ता | शा.उमावि पथरौला | गणित | तृतीय |
| कु.जागृति सोनी | सरस्वती उमावि मड़रिया | गणित | तृतीय |
| कु.दीपिका मिश्रा | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कामर्स | प्रथम |
| कु.प्रमिला साहू | पंचमुख हा.से.स्कूल रामपुर | कामर्स | द्वितीय |
| कु.अंजली सिंह | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कृषि | प्रथम |
| कु.लक्ष्मी साकेत | सांदीपनि कन्या उमावि सीधी | गृह विज्ञान | प्रथम |

### हाईस्कूल की जिला मैरिट में छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| अभिषेक कोल | एकलव्य पब्लिक स्कूल पड़ैनिया | प्रथम |
| प्रिंस चौहान | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | प्रथम |
| आदित्य तिवारी | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | प्रथम |
| प्रियांशु पटेल | अजय हाई स्कूल पडखुरी | प्रथम |
| शिवेन्द्र पटेल | सरस्वती हाई स्कूल सुभाष नगर | प्रथम |
| अर्तिका द्विवेदी | डी.व्ही.एस.हाई स्कूल पड़रा | प्रथम |
| सूरज गुप्ता | रॉयल फोर्ड हाई स्कूल धुंआडोल | द्वितीय |
| अवर्णा सिंह | सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर नैकिन | द्वितीय |
| रीतू तिवारी | श्री गणेश हा.से.अमहा सीधी | द्वितीय |
| प्रज्ञांशी सिंह बाघेल | एकलव्य पब्लिक हा.से.पड़ैनिया | द्वितीय |
| ओम पाठक | विंध्या एकेडमी हाईस्कूल चुरहट | द्वितीय |
| साक्षी साहू | काशी हा.से.स्कूल अमिलिया | द्वितीय |
| शैलजा यादव | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| वेद सिंह | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| साक्षी पाण्डेय | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| शिवाक्षत शुक्ला | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | तृतीय |
| प्रांजल यादव | शा.उमावि चकडौर | तृतीय |
| सीता यादव | शा.उमावि नौढ़िया | तृतीय |

# राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने किया टॉप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 अप्रैल। राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाईस्कूल परीक्षा में अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद 92 प्रतिशत अंक हांसिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**

गांधी हाईस्कूल सीधी की मेधावी छात्राओं में शुमार मान्या पाण्डेय की व्यस्तता अपने मंचीय कार्यक्रमों में ज्यादा बनी रही, फिर भी उन्होंने अपने खाली समय में पठन-पाठन को खास तरजीह दिया। इसी वजह से 92 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी मेधावी



क्षमता का प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय पूरे देश में कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती हैं। उनके द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के साथ संवाद के दौरान अपनी लोक गायिका की गहरी पैठ बनाई हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति दीं जिसके चलते प्रधानमंत्री भी 13 मिनट तक पूरी तन्मयता के साथ कार्यक्रम को देखते रहे।

मान्या पाण्डेय की हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर देश भर के लाखों फैंश सोशल मीडिया में बधाई दे रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सहपाठियों के साथ ही शुभचिंतकों द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

# सिद्धभूमि इंटरनेशनल व पीएमश्री स्कूल पनवार में एचपीव्ही टीकाकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 अप्रैल। जिला स्वास्थ्य टीम एवं लिनेस कामाख्या क्लब सीधी के संयुक्त तत्वाधान में सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल सीधी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे के निर्देशन में एचपीव्ही टीकाकरण एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय पनवार में भी छात्राओं व अभिभावकों को जागरूक किया गया।**

कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा




सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, रोकथाम एवं एचपीव्ही टीके की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए यह टीका पूर्णत: सुरक्षित है और भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी उपाय है। डीएचओ-1 डॉ.सुनीता तिवारी वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय ने कहा कि एचपीव्ही टीकाकरण अभियान 31 मई 2026 तक चलेगा। सभी अभिभावक समय रहते अपनी बेटियों का टीकाकरण कराएं। जिला टीकाकरण टीम से विकास सिंह ने यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई और अफवाहों से बचने की अपील की। लिनेस कामाख्या क्लब से शर्मिला सिंह, रचना राजे सिंह, अंजू शर्मा एवं रश्मि सोनी ने कहा कि क्लब महिला स्वास्थ्य के प्रति सतत जागरूकता अभियान चलाता रहेगा। सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील पांडे ने शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं टाटा समूह के संस्थानों के निदेशक आर.बी.सिंह ने कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य सुरक्षित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पीएम श्री स्कूल पनवार की प्राचार्य प्रतिभा भार्गव ने छात्राओं से अभिभावकों को प्रेरित कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य टीम द्वारा मौके पर परामर्श एवं पंजीकरण की सुविधा भी दी गई।

## एक नजर में

### भदौरा विद्यालय का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



**कुसमी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदौरा ने इस वर्ष हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। हाई स्कूल परीक्षा में कुल 88 में से 87 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 84 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यालय का परिणाम 96.55 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 73 एवं द्वितीय श्रेणी में 11 विद्यार्थी सफल रहे, जबकि तृतीय श्रेणी में कोई भी छात्र नहीं रहा। वहीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 114 में से 113 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 111 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। विद्यालय का परिणाम 98.23 प्रतिशत रहा। इसमें 92 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 19 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। हायर सेकेण्डरी में आदित्य मिश्रा ने 94.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, दुर्गा जायसवाल ने 92.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं कमलेश कुशवाहा ने 92 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाईस्कूल में अमित कुशवाहा ने 93 प्रतिशत के साथ प्रथम, किशन साहू 91.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं संजू प्रजापति ने 91.66 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। साथ ही हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 40 छात्र/छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर लैपटॉप की पात्रता में अपना स्थान बनाए है। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### सीधी का नाम गौरवांवित करने वाल विद्यार्थियों को बधाई : ज्ञान

**सीधी।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश स्तर पर सीधी जिले का नाम रोशन करने वाले सभी विद्यार्थियों को जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। ज्ञान सिंह ने कहा कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में परचम लहराया है। मेधावी छात्रों ने जहां प्रदेश स्तर पर टॉप कर सीधी को गौरवान्वित किया, वहीं समग्र परिणाम में भी जिले को 10वीं में पांचवीं तथा 12वीं में चौथी रैंक प्राप्त होना अत्यंत गर्व का विषय है। इस उपलब्धि से पूरे जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सीधी जिले के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह सफलता हासिल की है। सीमित संसाधनों के बावजूद यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि मजबूत संकल्प और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के समर्पणए मार्गदर्शन एवं सहयोग का भी परिणाम है। उन्होंने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी इस सफ्लता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आधार बनाएं और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।



# अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स बघवार में फायर सर्विस डे पर कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**बघवार 15 अप्रैल। अल्ट्राटेक सिधी सीमेंट वर्क्स बघवार में 14 अप्रैल को फायर सर्विस डे के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत एफएच-एचआर अभिषेक शर्मा, डीएच-एडमिन एवं सिक्योरिटी दिनेश शर्मा तथा सेफ्टी डीएच दिवाकर विश्वकर्मा द्वारा 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित फायर सर्विस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर फायर फाइटिंग टीम के साथ सेफ्टी एवं सिक्योरिटी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# नेबूहा, बरमानी, कपुरी कोठर व डोल में स्वास्थ्य मेला 18 को

**सीधी।** जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशानुसार 18 अप्रैल को विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वास्थ्य परीक्षण कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत धौहनी विधानसभा के ग्राम पंचायत नेबूहा, सीधी विधानसभा के बरमानी, चुरहट विधानसभा के कपुरी कोठार तथा सिहावल विधानसभा के ग्राम पंचायत डोल में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य उपलब्ध शासकीय भवनों में किया जाएगा। शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों में मुनादी कराई जाएगी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई है कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अपने साथ आधार कार्ड एवं समग्र आईडी अवश्य लेकर आएं।

# बाबा साहब के विचार एवं आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत : विश्वामित्र

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत खोंचीपुर एवं नकझर कला में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई।**

मुख्यातिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब समता मूलक समाज एवं सामाजिक न्याय के प्रणेता थे उन्होंने समाज में भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने न केवल सामाजिक समानता की नींव रखी बल्कि जन सशक्तिकरण और न्याय के उस आदर्श को भी स्थापित किया जो आज भी हमारे देश की प्रगति का मार्गदर्शन करता है। उनके सिद्धांत हमे याद दिलाते हैं कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, न्याय एवं गरिमा का अधिकार है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा किए हर जरूरत मंद पात्र व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले एवं योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे तभी बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्राम पंचायतों में पूर्ण हुए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बहरी पुष्पेन्द्र पाण्डेय, राजमणि साहू, जनपद सीईओ रोहित उपाध्याय, तहसीलदार बहरी इंद्रभान सिंह, टीआई बहरी राजेश पाण्डेय, बीडीओ रश्मि पाण्डेय, अनुसुइया बाजपेई, एसडीओ श्रवण चतुर्वेदी, एपीओ अजय द्विवेदी, राजराखन प्रजापति सरपंच, श्रीमती रामा पाण्डेय सरपंच नकझर कला, श्रीमती निशिया सिंह सरपंच, दिलीप सोनी, कन्हैयालाल पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, श्यामलाल यादव, गेंदलाल सिंह, विष्णु प्रधान, राजकुमार नेटी, प्रमोद शर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रीय ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




# मेधावी विद्यार्थियों को मिला स्टार ऑफ द मंथ, कलेक्टर ने किया सम्मानित

## विद्यार्थियों को कलेक्टर की प्रेरणा : लक्ष्य ऊंचे रखें, प्रयास निरंतर करें

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 15 अप्रैल। जिले के मेधावी विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ì स्टार ऑफ द मंथी प्रदान कर सम्मानित किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए गौरव का क्षण रहा, वहीं अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बना।**

कक्षा 10वीं में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 के छात्र अभय गुप्ता ने प्रदेश में द्वितीय एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सीमित संसाधनों के बावजूद अभय ने कठिन परिश्रम और लगन से यह सफूलता अर्जित की। वे मूलत: चकड़ौर के निवासी हैं और वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। उनके पिता कैलाश गुप्ता कृषक हैं। इसी प्रकार कक्षा 12वीं गणित संकाय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी के छात्र लवकुश तिवारी ने प्रदेश में दसवां एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। वे कंजवार के निवासी हैं, उनके पिता संतोष तिवारी कृषक हैं तथा माता श्रीमती राखी तिवारी गृहिणी हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी सम्मान करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में परिवार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों, अभिभावकों एवं इस सपुलता में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों का सम्मान विद्यालय स्तर पर भी किया जाए ताकि अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रेरित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहें। साथ ही उन्होंने आगामी वर्ष में और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु अभी से कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पी.के.सिंह, एडीपीसी ओशो उत्सव, संबंधित संस्थानों के प्राचार्य एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह सम्मान समारोह इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी उच्चतम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। जिले के इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सफ्लता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है।

